प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें

https://dainikyashonnati.com

वर्ष 8+15 अंक 47 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शुक्रवार 09 जून 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

बरघाट में सड़क के बाद प्रारंभ हुआ बस स्टैण्ड का कार्य

बरघाट यशोः- सिवनी बालाघाट मार्ग के डामरीकरण के बाद कायाकल्प योजना के अंतर्गत बस स्टैंड का कायाकल्प का कार्य बरघाट नगर परिषद द्वारा किया गया है । बरघाट नगर परिषद द्वारा नगरीय क्षेत्र में सड़को के कराये जा रहे कार्यो से आवागमन में सुचारू होगा वहीं आम जनता को धूल मिट्टी से राहत प्राप्त होगी दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी । पिछले लंबे अर्से से बरघाट नगरीय सीमा की सड़क के धुर्रे उड़ गये थे इसके निर्माण में अनेक तरह की बाधाएँ आ रही है परंतु बरघाट नगर परिषद ने उन समस्ओं के समाधान के लिये प्रयास किये और पिछले दिनों नगरीय सीमा मूंडापार से पटेल टोला तक सड़क का डामरीकरण का कार्य एमपी आई डी सी द्वारा पिछले दिनों किया गया । इसके लिये बरघाट नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती इमरता साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती पाठक एवं पार्षदगणों ने भाजपा नेताओं के साथ जिला कलेक्टर एवं संबंधित विभाग लोकनिर्माण मंत्री अनेक बार चर्चा की और स्वीकृति प्राप्त कर सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कराया और इसके साथ ही बस स्टेण्ड का कार्य भी प्रारंभ करा दिया गया है । निर्माण के समय नगर परिषद के उपाध्यक्ष ममता अनिल पाठक, सभापति हेमंत राहंगडाले, आसन उईके अनिल पाठक, ज्ञानसिंह चौधरी सहित अन्य उपस्थित रहे ।

नगर में चल रहे कायाकल्प योजना के कार्यो से आम जनता में खुशी स्पष्ट दिख रही है और वे नप के प्रति आभार जता रहे है ।

केन्द्रीय मंत्री का नाम लेकर पवित्र हो रहे धूमा थाना प्रभारी

माँ रेवा मोटर्स में हो रही जालसाजी आवेदकों की एडियाँ घिस रही परंतु नहीं मिल रहा न्याय

सिवनी यशोः- आदिवासी क्षेत्र में धूमा में माँ रेवा मोटर्स द्वारा गरीब जनता से कागजी हेरा फेरी कर लूट और धोखाधड़ी की जा रही है धूमा थाना प्रभारी के पास इस ससंबंध में अनेको शिकायते भी की गयी परंतु धूमा थाना प्रभारी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है और शिकायतकर्त्ताओं को धौंस भी दी जा रही है । धूमा की माँ रेवा मोटर्स द्वारा खरीददारों के साथ जालसाजी और लूट की जा रही है शिकायतकर्त्ताओं की शिकायत पर कार्यवाही नहीं हो रही बल्कि वे शिकायत करने के बाद धूमा थाने जा जाकर अपनी एड़िया घिस रहे है । सोशल मीडिया में वायरल संदेश के अनुसार गरीब जनता की शिकायत पर कार्यवाही ना करने के लिये उनके ऊपर राजनैतिक दबाव है । सोशल मीडिया के संदेश के अनुसार धूमा क्षेत्र में रौबदार व्यक्तियों द्वारा गरीब जनता के साथ धोखाधड़ी अवैध कब्जे और अनैतिक व्यापार किये जा रहे है । धूमा थाना क्षेत्र में चल रही अनैतिक गतिविधियों पर थाना प्रभारी द्वारा कार्यवाही न करने के कारण केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को भी संरक्षण देने के लिये आरोपित किया गया है । जिससे स्पष्ट होता है कि धूमा थाना प्रभारी अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर कार्यवाही नहीं कर रहे है और वे पीड़ित व्यक्तियों को केन्द्रीय मंत्री का दबाव होने की बात कहते होंगे ।

पुलिस थाना धूमा में लगभग चार माह पूर्व तिलक जाटव ने एक लिखित आवेदन के माध्यम से माँ रेवा मोटर्स के विरूद्ध धोखाधड़ी और अधिक रकम वसूलने का आरोप लगाते हुये संबंधित के विरूद्ध एफ आई आर दर्ज करने की मांग की थी परंतु चार माह का बीत जाने के पश्चात भी जब कोई कार्यवाही नही हुई तो उन्होंने सोशल मीडिया में माँ रेवा मोटर्स के संचालक को बचाने के लिये जो टिप्पणी की है वह केन्द्रीय मंत्री का थाना प्रभारी पर दबाव होना बताया जा रहा है । केन्द्रीय मंत्री कुलस्ते का दबाव है या नहीं परंतु उन्हें बदनाम करने के लिये थाना प्रभारी द्वारा टिप्पणी कहीं न कही की गयी होगी तभी यह बात सामने आ रही हे ।



MAA REWA MOTORS 358

तिलक जाटव ने 08 फरवरी 2023 को धूमा थाने में माँ रेवा मोटर्स के विरूद्ध आवेदन दिया था कि माँ रेवा मोटर्स के द्वारा मोटर सायकल खरीददारों के साथ लूट खसोट और धोखाधड़ी की जा रही है और खरीददारों को फर्जी दस्तावेज तैयार किये जा रहे है ।

आवेदन में उन्होंने उल्लेख किया था कि उनके मित्र रंजीत राजपूत जोबा निवासी के द्वारा माँ रेवा मोटर्स से प्लेटीना 110 काले रंग की मोटर सायकल 21 नबंवर 2021 को खरीदी थी जिन्होंने आवेदन में चेचिस और इंजिन नंबर का उल्लेख भी किया था । जिसकी कीमत 75269 रू थी इस वाहन के लिये उसने 23000 रूपये जमा किये थे । माँ रेवा के मैनेजर द्वारा आरटीओ रजिस्ट्रेशन के किलये 7726 रूपये एवं इंश्योरेंश के लिये 5376 रूपये लिये गये । जिसकी रसीदे भी प्रदान की गयी और रंजीत राजपूत को वाहन का नंबर एमपी 20 एम एन 8328 प्राप्त हुआ ।

आवेदन में तिलक जाटव ने बताया गया कि उनके मित्र की अचानक तबीयत खराब हो गयी जिसके कारण उसने अपना वाहन 27 दिसंबर 2022 को उन्हें बेच दिया । तिलक जाटव ने वाहन क्रय करने के पश्चात वाहन का स्टेटमेंट निकलवाया तो पता चला कि माँ रेवा मोटर्स ने डाऊन पेमेंट 23000 रूपये लेकर 9265 रूपये लिखा और वाहन पर लोन की राशि 61900 रूपये 23.26 प्रतिशत की दर से दर्ज है । आरटीओ की पंजीयन राशि 7726 रूपये वसूल की गयी है जबकि यह राशि 6535 रूपये इंश्योरेंस की राशि 5376 रूपये ली गयी जबकि इंश्योरेंस की राशि 3635 रूपये इंश्योरेंस कंपनी को अदा की गयी । माँ रेवा मोटर्स द्वारा वाहन के डाऊनपेमेंट, आरटीओ में पंजीयन की राशि और इंश्योरेंस की राशि उपभोक्ता से अधिक ली गयी और फर्जी तरीके से उनकी रसीदे भी दी गयी तथा धोखाधड़ी की जा रही है । तिलक जाटव के इस आवेदन पर धूमा थाना प्रभारी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी ।

कार्यवाही धूमा थाना प्रभारी को करना है और बदनामी केन्द्रीय मंत्री की हो रही है । चर्चा तो यह है कि धूमा थाना प्रभारी अनैतिक गतिविधियों को संचालित करने वालो को संरक्षण देकर अपने हित साध रहे है और दबाब नेताओं का बता कर अपने आपको पाक साफ कर लेते है । यही हाल रहे तो सत्ताधारी दल की हालत और अधिक बिगड़ते समय नहीं लगेगा ।

विशेष पेंशन शिविर 12 से 23 जून तक

सिवनी यशोः- संचालक पेंशन भविष्य निधि एवं बीमा म.प्र.भोपाल द्वारा सेवानिवृत्त, मृत शासकीय सेवकों के लंबित पेंशन / परिवार पेंशन प्रकरणों को 30 जून 23 तक अनिवार्यतः निराकरण करने के निर्देशों के परिलान में 12 जून से 23 जून 2023 तक जिला पेंशन कार्यालय बीझावाडा में %%विशेष पेंशन शिविर%% का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित पेंशन शिविर में परियोजना लेखा अधिकारी लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. सिवनी श्री श्याम सिंगौर एवं कनिष्ठ लेखाधिकारी श्री ओमप्रकाश साहू द्वारा लंबित पेंशन / परिवार पेंशन प्रकरणों के निराकरण कराने में आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे।

कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल ने सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को उनके कार्यालय अधीन लंबित पेंशन /परिवार पेंशन प्रकरणों को आयोजित होने वाले पेंशन शिविर में निराकृत कराने के निर्देश दिए हैं। लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण न कराए जाने की स्थिति में संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी के विरूध्द अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

जबरन नॉलेज

जनता तो आपकी बातो में आ जाती है - काका हा हा हा

ग्राम सभाओं के माध्यम से योजनाओं के उद्देश्य बताये - संभागायुक्त

संभागायुक्त ने विभिन्न योजनाओं एवं प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

सिवनी यशोः- संभागायुक्त जबलपुर श्री अभय वर्मा द्वारा गुरूवार 08 जून को सिवनी पहुंचकर सर्व विभागाधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं प्रगतिरत कार्यों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर क्षितिज सिंघल, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती निधि सिंह राजपूत, अपर कलेक्टर सीएल चनाप सहित अन्य संबंधित विभागाधिकारियों की उपस्थिति रही।

समीक्षा के दौरान संभागायुक्त श्री वर्मा द्वारा सर्वप्रथम मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत जिले में पंजीकृत महिलाओं की संख्या, उनके डीबीटी सक्रीयता एवं पंजीकृत महिलाओं को किए गए स्वीकृति पत्र वितरण तथा योजना अंतर्गत महिलाओं के खातों की जांच करने हेतु शासन द्वारा अंतरित की गई 1/- रूपये की राशि भुगतान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने गुरूवार 8 मई आयोजित हो रही विशेष ग्रामसभा की भी जानकारी प्राप्त कर, ग्रामसभाओं के माध्यम से योजना के प्रमुख उद्देश्यों से महिलाओं को अवगत कराने के निर्देश दिए।

संभागायुक्त श्री वर्मा द्वारा मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने अभियान अंतर्गत शामिल 70 सेवाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की स्थिति की समीक्षा कर शेंष लंबित आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निराकृत करने के निर्देश संबंधित विभागाधिकारियों को दिए। इसी तरह उन्होंने हितग्राही मूलक विभागातंर्गत संचालित जैसे लाड़ली लक्ष्मी योजना, मातृ वंदना, प्रधानमंत्री सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल जीवन मिशन, प्रसूति सहायता, आयुष्मान भारत योजना, जननी सुरक्षा सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

संभागायुक्त श्री वर्मा द्वारा जिले में गेहूं उपार्जन एवं कृषकों के भुगतान स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारी से आगामी समय में जिले में लगाई जाने वाली मुख्य फसलों एवं उनका रकबा के साथ ही यूरिया, डीएपी एवं बीज भण्डारण की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। संभागायुक्त श्री वर्मा ने हितग्राहीमूलक विभागाधिकारियों को वर्ष 2023-24 में प्राप्त विभाग के लक्ष्यों को तय समय से पूर्व पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

लीगल एड डिफैंस काउंसिल के साक्षात्कार 10 जून को

सिवनी यशोः- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली की महत्वपूर्ण लीगल एड डिफैंस काउंसिल योजना के साक्षात्कार की तिथि घोषित हो चुकी है। जिसके अनुसार प्रधान जिला न्यायाधीश सिवनी श्री राजीव आप्टे की अध्यक्षता में बनाई गई चयन समिति द्वारा 10 जून 2023 की प्रातः 11 बजे से शाम 05 बजे तक जिला न्यायालय सिवनी के वी.सी. रुम में साक्षात्कार लिए जाएगे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के सचिव श्री विकास शर्मा ने बताया कि सिवनी जिले में चीफ लीगल एड डिफैंस काउंसिल के एक पद, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफैंस काउंसिल के एक पद एवं असिस्टैन्ट लीगल एड डिफैंस काउंसिल के दो पदों के लिए साक्षात्कार होंगे। उन्होंने बताया कि चयनित लीगल एड डिफैंस काउंसिल जिला न्यायालय सिवनी में गरीबों को निःशुल्क न्याय उपलब्ध करायेंगे।

12 जून को प्रियंका गांधी का जबलपुर आगमन, विभा पटेल ने ली समीक्षा बैठक

सिवनी यशोः- आगामी 12 जून दिन सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की महासचिव श्रीमती प्रियंका गाँधी जी द्वारा मध्यप्रदेश में चुनावी शंखनाद करने महाकौशल की संस्कारधानी जबलपुर आगमन होने जा रहा है। श्रीमती गांधी के आगमन के तैयारियो के संबंध में महिला काँग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल जी का आगमन इंदिरा भवन कार्यालय जिला काँग्रेस कमेटी सिवनी में हुआ। जिला काँग्रेस अध्यक्ष श्री राजकुमार खुराना, जिला महिला काँग्रेस अध्यक्ष श्रीमती चित्रलेखा शाह नेताम के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात इंदिरा भवन प्राँगण स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की प्रतिमा पर श्रीमती विभा पटेल ने माल्यार्पण कर नमन किया एवं उपस्थित समस्त महिला कांग्रेस की पदाधिकारीयों ने पुष्प अर्पित कर पूज्य बापू का स्मरण किया तत्पश्चात जिला महिला कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक को मुख्य रूप से प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती विभा पटेल जी जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना, जिले के प्रभारी चौधरी गंभीर सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती चित्रलेखा शाह नेताम ने संबोधित किया गया। एवं समस्त कांग्रेस जनों ने प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष आदरणीया श्रीमती विभा पटेल जी का जन्मदिन केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

बैठक में मंच का संचालन श्रीमती अल्पना राणा ने किया एवं पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कविता कहार द्वारा बैठक में उपस्थित सभी कांग्रेस जनों का आभार व्यक्त किया गया।

एप डाउनलोड करें दैनिक यशोन्नति

संभागायुक्त वर्मा ने निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया

सिवनी यशोः- संभागायुक्त जबलपुर श्री वर्मा ने ग्राम कंडीपार पहुंचकर निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया, उन्होंने मेडिकल कॉलेज मॉडल का अवलोकन करने के साथ ही मुख्य भवन, नर्सिग होस्टल, रेसिडेन्स निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसी को कार्यो को गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के साथ कार्यो को समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सिवनी सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही।

इसी तरह संभागायुक्त श्री वर्मा द्वारा लोक सेवा केन्द्र का भी निरीक्षण कर कार्यो एवं प्रदाय की जाने वाली आवश्यक सेवाओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री वर्मा ने उपस्थित लोगों से प्रयोजन कार्य संबंधी आवेदन पर चर्चा की। उन्होंने संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को आवेदकों द्वारा आवश्यक दस्तावेजों एवं नकल संबंधी प्राप्त आवेदनों पर समय सीमा में कार्यवाही करने आवेदकों को जारूरत के अनुसार दस्तावेज/ नकल देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल की भी उपस्थिति रही।

प्राचीन सूर्य मंदिर में आयोजित होगा 3 दिवसीय पटोत्सव, होंगे विभिन्न धार्मिक आयोजन

सिवनी यशोः- जिला मुख्यालय के टैगोर वार्ड में कलचुरी युग में बनाये गए प्राचीन व ऐतिहासिक सूर्य मन्दिर का जीर्णोद्धार व यहां भगवान सूर्य देव की मूर्ति की स्थापना शनि धाम ट्रस्ट पलारी टेकरी द्वारा की गई है। आज यह मंदिर सनातन धर्मियों के लिये पूजन का बड़ा केंद्र बन चुका है।

ज्ञात हो कि सिवनी विधायक दिनेश राय द्वारा इस मंदिर के जीर्णोद्धार के लिये विधायक निधि से राशि दी गई, जिसका उपयोग कर यहां बगीचा व अन्य कार्य हुए। तीन वर्ष पूर्व इस खण्डहर हो रहे मन्दिर के जीर्णोद्धार का जिम्मा समाजसेवी सन्तोष अग्रवाल ने उठाते हुए यहां वर्ष 2012 में भगवान सूर्य देव की विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठ प्रकांड पंडितों की उपस्थिति में आम जनता ,समाजसेवी सगठनों,नगर के धार्मिक नागरिको व व्यापारियों की मदद से कराई थी।

मन्दिर को पुराना स्वरूप प्रदान किया गया है ,16 खंभों पर यज्ञ शाला में स्वयं सूर्य देव विराजमान है, सूर्य उदय होते ही पहली किरण सीधे मन्दिर के गर्भ गृह में जाति है, समिति द्वारा परिसर में हिन्दू धर्म की मान्यता अनुसार पौधों का रोपण किया गया था जो आज व्रक्ष के रूप में मौजूद है। यहां बेल पत्र, पीपल, रुद्राक्ष, आंवला, समी, सिंदूर जैसे वृक्ष है जिनके पूजन का शास्त्रों में उल्लेख किया गया है, इसके अलावा बगीचे में फलदार व्रक्ष, बैठक व्यवस्था, बच्चो के लिये झूले भी लगे है। समिति द्वारा यहां सूर्य उदय होते ही भगवान सूर्य देव को अग्र देने के लिये अग्र कुंड भी उपलब्ध करा दिया गया है,जहां हर सेकड़ो महिला पुरुष सूर्य उदय होते ही उनको जल अपर्ण करते है, इस मंदिर में विधि विधान से हर रविवार को भगवान सूर्य का अभिषेक किया जाता है।

मन्दिर समिति के सन्तोष अग्रवाल में बताया कि आगामी 11 जून से 13 जून तक इस मंदिर का पटोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पहले दिवस 11 जून को सूर्य उदय होते ही गौरी गणेश पूजन,सूर्य अभिषेक व ध्वजारोहण होगा। इस दौरान समस्त आयोजन प्रकांड पंडितों की उपस्थिति में कराए जाएंगे। समस्त धार्मिक कार्यक्रम प्रमुख पण्डित अंशू तिवारी व अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन व सानिध्य में सम्पन्न कराए जाएंगे। पटोत्सव के दूसरे दिन 12 जून को सुबह सूर्य अभिषेक के उपरांत हवन होगा वही अंतिम दिन 13 जून को सूर्य निधि, सूर्यरध्य, सूर्य कवच, आदित्य ह्रदय स्रोत पाठ आदि कार्यक्रम होंगे। पटोत्सव के अवसर पर अंतिम दिन शाम 4 बजे से समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है, मन्दिर समिति ने जिले के सभी सनातन धर्मियों,राजनीति, सामजिक, स्वयंसेवी व अन्य संगठनो व श्रद्धालुओं से इस तीन दिवसीय पटोत्सव कार्यक्रम में शामिल हों कर धर्म लाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है।

छात्र जीवन से स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ने वाले सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हरिवल्लभ शिलाकारी का जीवन राष्ट्र के प्रति रहा समर्पित


फाइल फोटो

7 जून 1901 सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हरिवल्लभ शिलाकारी का जन्म

भोपाल (विसंके) बुन्देलखण्ड के सुप्रसिद्ध स्वाधीनता संग्राम सेनानी हरिवल्लभ जी शिलाकारी का जन्म 7 जून 1901 को सागर नगर में हुआ थ। आपके पिता राजवैद्य पंडित मन्नूलाल सिलाकारी ख्यातिप्राप्त चिकित्सक थे। हरिवल्लभ जी की प्रारंभिक शिक्षा दून स्कूल मंसूरी में हुई थी। उच्च शिक्षा के लिये वे झाँसी के बुंदेलखंड विश्वविद्यालय पढ़ने गये। इस विश्वविद्यालय से उन्होंने मेडीसिन एण्ड सर्जरी में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की। उन्होंने यह परीक्षा विश्वविद्यालय में सर्वश्रेष्ठ अंकों उत्तीर्ण की। इसके लिये उन्हे स्वर्ण पदक मिला।

फिर वह केंसर चिकित्सा में विशेषज्ञता प्राप्त की और शोध ग्रंथ लिखा। आपके द्वारा लिखित पुस्तक ÷टाईफाइड और उसकी चिकित्सा÷ को झांसी आयुर्वेद वि,वि, ने अपने पाठ्यक्रम में शामिल किया। एक अन्य पुस्तक,, सर्व सुलभ देहाती वनौषधियां,, जो देश के अमर सैनानियों शहीदों को समर्पित है उस पर मध्यप्रदेश सरकार ने पारितोष प्रशंसा पत्र प्रदान किया।आपके पिताजी राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रबल समर्थक थे अतः हरिवल्लभ जी को राष्ट्र प्रेम की भावना विरासत में मिली। सन् 1898 में सागर में आपके काका पं, गोविन्द प्रसाद सिलाकारी और विश्वास राव ने संस्कृत महाविद्यालय एवं ब्रह्मचर्य आश्रम धर्मश्री की स्थापना की।

यह संस्था स्वतंत्रता आन्दोलन में राष्ट्रीय भावना जगाने का प्रमुख केन्द्र रही। इस क्षेत्र में इस संस्था की साख ठीक वैसी ही थी जैस वाराणसी हिंदू विश्व विद्यालय की रही है।

सागर की इस संस्था में समय-समय पर लाला लाजपत राय, स्वामी अरविंद घोष, सरदार वल्लभ भाई पटेल, पट्टाभि सीतारमैया, और महान क्रान्तिकारी चंद्र शेखर आजाद भी आये थे। हरिवल्लभ जी ने इस राष्ट्र और सांस्कृतिक जागरण के बीच स्वतंत्रता आंदोलन का बीड़ा उठाया और आंदोलन में कूद पड़े। वे एक साथ दोनों धाराओं में सक्रिय हुये। एक ओर वे युवाओं को जहाँ क्राँतिकारी आंदोलन से जोड़ रहे थे वहीं प्रभात फेरियों के आयोजन भी करते थे। हरिवल्लभ जी ने चन्द्रशेखर आज़ाद से बम बनाना सीखा और विद्यार्थियों को बम बनाने की तकनीक सिखाई। उन्होंने प्राचीन सागर गढ़ पहरा सिद्ध हनुमान मंदिर में खून से तिलक लगाकर युवकों को स्वतंत्रता आंदोलन में जुड़ने के लिए शपथ दिलाई। पंडित हरिवल्लभ सिलाकारी का पूरा घर आंदोलन का केंद्र रहा। 1919 में अंग्रेजी सरकार के बनाये रोलर ऐक्ट का हरिवल्लभ सिलाकारी, विस्वास राव भावे ने विरोध किया। जुलूस निकाला। 18 मार्च 1923 को जबलपुर में युनिसिपल भवन पर तिरंगा फहराया गया अनेक सैनानी गिरफ्तार हुए।

यह झंडा सत्याग्रह आंदोलन कहलाया जो सागर तक फैला इसका नेतृत्व हरिवल्लभ जी ने किया। इसके बाद जंगल सत्याग्रह हुआ।

1930 आंदोलन विदेशी कपड़ों की होली जलाने वाली समिति का प्रभार हरिवल्लभ जी को सौंपा गया। चकराघाट फर्श पर होली जलाई गई समीप ही सिटी कोतवाली पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया। स्वदेशी आंदोलन को गति देनेके लिये चरखे से सूत कातने, स्वदेशी खादी वस्त्र निर्माण कर उसे बैंचकर प्राप्त राशि का उपयोग जेल में बंद सैनानियों के परिवार को दो रुपए और घर में लालटेन, दिया जलाने केलिये घासलेट का तेल लेकर हरिवल्लभ जी ही जाया करते थे। अनेकों बार जेल में बंद सैनानियों के परिवार वालों के आक्रोश व अपशब्दों का सामना करने के साथ ही उन्हें धैर्य भी बंधाना रहता था। जनवरी 1930 में मछरयाई वार्ड में हरिजन सम्मेलन सिलाकारी जी के मुख्य आतिथ्य में बड़ा सम्मेलन आयोजित हुआ इस में शराब बंदी और अश्पृश्यता के विरूद्ध अभियान चलाने का निर्णय हुआ। 14 जनवरी 1931 को छतरपुर जिले के सिंहपुर ग्राम में उर्मिल नदी के किनारे मेला आयोजित था, यहां एक सभा हुई जिसका नेतृत्व पं, राम सहाय तिवारी व ठाकुर हीरा सिंह ने किया, इनके आग्रह पर हरिवल्लभ जी वहां गये और सभा में भाषण दिया।

यहां सभा में शामिल लोगों पर मशीन गन से फायरिंग हुई। अंग्रेजी सरकार की फायरिंग में 21 लोग बलिदान हुए और 33 घायल हुए। हरिवल्लभ जी के दाहिने पैर में घुटने के नीचे गोली लगी, गिरफ्तारी हुई। यह चरण पादुका आंदोलन के नाम से जाना जाता है जिसे बुंदेलखंड का जलियांवाला बाग़ भी कहते हैं।

हरिवल्लभ जी बुलेटिन लिखते,साईं लोस्टाईल से छापते और बांटते थे। इस काम में वालेंटियर्स की मदद भी ली जाती थी। एक बार इनके बड़े पुत्र बालकृष्ण सिलाकारी को समोसे रखने के कागज के बहाने बुलेटिन बांटते सिटी कोतवाली पुलिस ने पकड़ लिया जिसे मास्टर बल्देव प्रसाद ने अपनी जमानत पर यह कहकर छुड़ाया कि अबोध बालक है किसी ने समोसा खाने दिया होगा। गलती से हुआ होगा। फिर भी पुलिस ने तीन वेंत लगाकर छोड़ा। अपने आंदोलन को गति देने केलिये पहला हिन्दी समाचार पत्र ÷प्रकाश÷ का प्रकाशन आरंभ किया।

इसके बुलेटिन में सिलाकारी जी आंदोलन, धरना प्रदर्शन, जुलूस, प्रभातफेरी की जानकारी होती थी जो आंदोलन कारियों को दी जाती थी। आखिर में वंदेमातरम् जयहिन्द, जय जनतंत्र लिखा होता था। स्वतंत्रता के बाद 1978 में यह साप्ताहिक जय जनतंत्र पत्र के रूप में विधिवत प्रकाशन सागर से हुआ जिसे आज भी नियमित उनके पुत्र डॉ आर एन सिलाकारी निकाल रहे हैं। बुलेटिन के कारण मुखबिरी हुई सिटी कोतवाली में हरिवल्लभ जी को बुलाकर हेण्डराईटिंग का मिलान किया गया, घर की तलाशीयां हुईं। कोतवाली में कुछ दिन डिटेन्शन में रखा। रिहाई के बाद वे वेष बदल कर अपने मित्र के पास कटनी चले गये। उनको अज्ञातवास में जाते ही पुलिस ने वारंट जारी कर फरार घोषित कर दिया। उन्होंने स्वयं को प्रस्तुत किया कुछ दिन जेल में रहे और जमानत पर रिहा हुये।

1938 में महात्मा गांधी के आगमन पर स्वागत समिति के अध्यक्ष बनाए गए और पूरी व्यवस्था संभाली। बापू के निर्देश पर तीन माह सेवाग्राम आश्रम में रहे वहां आंदोलन कारियों तथा गरीबों का इलाज करते थे। 1942 में वापिस सागर आते तब अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन, और करों या मरो, शुरू हुआ तो सागर में इस आदोलन का नेतृत्व हरिवल्लभ जी ने किया। 1945 एवं 1946 में जब अधिकांश नेताओं को गिरफ्तार किया तब हरि वल्लभ की धर्म पत्नी गिरिजा देवी एवं यमुना ताई खैर के नेतृत्व में 34 महिलाओं ने गवर्मेंट हायर सेकेण्ड्री स्कूल के पास गिरफ्तारी दी जिन्हें पुलिस ने पकड़ कर ट्रक से गढ़ पहरा चौदह किलोमीटर दूर जंगल में छोड़ दिया। जिनमें हरिवल्लभ जी की पत्नी गिरिजा देवी के अलावा कुछ अन्य महिलाएं गर्भवती थीं जिन्हें बाद में क्षति पहुंची।

1946-47 में भारत विभाजन की उथल-पुथल का प्रभाव सागर में भी पड़ा। तब हरिवल्लभ जी के नेतृत्व में सद्भाव और शाँति अभियान चलाया गया। स्वाधीनता के बाद वे समाज सेवा और चिकित्सीय सेवा में समर्पित रहे। स्वतंत्रता सेनानियो की सूची में आपका नाम क्रमांक 417 पर दर्ज है। समाज सेवा के बीच 13 दिसम्बर 1996 को उन्होने संसार से विदा ली। उनकी स्मृति में प्रति वर्ष जय जनतंत्र पत्र परिवार सांस्कृतिक सम्मान कार्यक्रम आयोजित करता है इसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाता है।

शिवराज सरकार का अहम फैसला, लॉकडाउन के दौरान दर्ज केस होंगे वापस

मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार ने अहम फैसला लिया है। कोरोना काल में लगाए गए लॉकडाउन के दौरान दर्ज किए गए केस वापस लिए जाएंगे। गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी।

भोपाल। मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार ने अहम एलान किया है। सरकार ने कोरोना काल के दौरान दर्ज किए केसों को वापस लेने का फैसला किया है। राज्य के गृह मंत्री और सरकार के प्रवक्ता नरोत्तम मिश्रा ने इस बारे में जानकारी दी है। नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार ने लॉकडाउन के दौरान कोविड-19 मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए सामान्य धाराओं के तहत दर्ज मामलों को वापस लेने का फैसला किया है।

बता दें कि कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए लगाए गए लॉकडाउन के दौरान कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुए थे। लोगों पर मास्क न पहनने या सार्वजनिक रूप से इकट्ठा होने पर केस दर्ज हुआ था, क्योंकि ऐसा करने से संक्रमण संभावित रूप से और ज्यादा फैल सकता था।

लॉकडाउन में दर्ज हुए थे केस

नरोत्तम मिश्रा ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा, 'मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर सरकार ने लॉकडाउन अवधि के दौरान कोविड-19 मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए दर्ज धाराओं को वापस लेने का फैसला किया है।'

सरकार ने केस वापस लेने को कहा

एक अधिकारी ने कहा कि कोविड -19 मानदंडों के उल्लंघन के लिए दर्ज मामलों की सही संख्या फिलहाल स्पष्ट नहीं है। मार्च 2020 में देशव्यापी फैसले के तहत राज्य में लॉकडाउन लगाया गया था। एमपी में चार जून तक कुल 10 लाख 56 हजार 341 लोग कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे। इसके अलावा कोरोना से 10,786 लोगों की जान भी गई थी। राज्य के स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार, मध्य प्रदेश में सक्रिय मामलों की संख्या अभी पांच है।

लोगों के विरोध के बाद सीएम के निर्देश, सड़क के लिए नहीं काटे जाएंगे पेड़

भोपाल। भोपाल में बाग सेवनिया इलाके में 20 वर्ष पुराने बरगद और पीपल के पेड़ काटने का लोगों ने विरोध किया। इसको लेकर प्रदर्शन में बच्चे पेड़ से चिपक गए। इसके बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने निर्देश दिए कि सड़क के लिए पेड़ नहीं काटे जाएंगे।

राजधानी भोपाल में बाग सेवनिया इलाके में सड़क निर्माण कार्य में बाधा बन रहे पेड़ों को काटा जा रहा था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। यह मामला जब मुख्यमंत्री के संज्ञान में आया तो उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क के लिए पेड़ों को नहीं काटा जाएगा। मुख्यमंत्री ने बुधवार को ट्वीट कर जानकारी दी कि मुझे पता चला कि भोपाल के बाग सेवनिया में विश्वकर्मा मंदिर के पास स्थित 20 साल पुराने बरगद-पीपल के पेड़ को सड़क निर्माण के लिए काटा जा रहा था। इन पेड़ों के प्रति लोगों का प्रेम है। लोग पेड़ों को बचाने के लिए आगे आए। पर्यावरण के प्रति जागरूक हमारे नागरिकों की आवाज अनसुनी नहीं की जा सकती। मैंने निर्देश दे दिए हैं कि पेड़ नहीं काटे जाएंगे।

जन्मदिन पर पेड़ लगाने की अपील सीएम ने कहा, मुझे खुशी है कि लोग पेड़ बचाने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। पीडब्लयूडी ने जिन पेड़ों को हटाने का निर्णय लिया था, उनको नहीं काटा जाएगा। सड़क की दिशा ही बदल दी जाएगी। सीएम ने लोगों को आश्वस्त किया कि लोगों की पूजा यथावत चलेगी। साथ ही उन्होंने अपील की कि पर्यावरण बचाने के लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी है। इसलिए अपने जन्मदिन पर एक पेड़ अवश्य लगाएं।

शिक्षक भर्ती घोटाला- 77 उम्मीदवारों के सर्टिफिकेट फर्जी पाए गए, FIR के आदेश

मध्य प्रदेश के हजीरा ग्वालियर से बनवाए गए दिव्यांग का सर्टिफिकेट फर्जी पाए गए हैं, टेंनकली सर्टिफिकेट फर्जी नहीं है, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ही जारी किए गए हैं, लेकिन अयोग्य उम्मीदवारों को जारी किए गए। यह एक घोटाला है जिसमें ग्वालियर जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और मुरैना जिले के उम्मीदवार शामिल हैं।

भोपाल समाचार ने उठाया था मामला

उल्लेख करना अनिवार्य है कि, कुछ उम्मीदवारों ने भोपाल समाचार डॉट कॉम के माध्यम से ÷खुला खत÷ के तहत यह मामला उठाया था। दस्तावेजों के परीक्षण के दौरान पाया गया है कि, 77 उम्मीदवार ऐसे हैं जिन्होंने दिव्यांग सर्टिफिकेट लगाए हैं, लेकिन वह दिव्यांग नहीं है। अब स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री इंदरसिंह परमार ने संबंधितों के खिलाफ एफआइआर कराने के निर्देश दिए हैं। इनमें एक ऐसा भी शिक्षक है, जो बगैर दिव्यांगता प्रमाण पत्र के चयन की पात्रता रखता था।

पूरे मध्यप्रदेश में दिव्यांगता सर्टिफिकेट की जांच

राज्यमंत्री ने प्रदेश के उन जिलों में भी जांच कराने को कहा है, जहां दिव्यांगता कोटे में अधिक आवेदन आए हैं। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश सरकार इन दिनों शिक्षकों की भर्ती कर रही है। एक चरण में पूरे प्रदेश से कुल 755 पदों पर दिव्यांग उम्मीदवारों को नियुक्ति दी गई है। भोपाल समाचार के माध्यम से उम्मीदवारों ने खुलासा किया था कि इनमें से 450 दिव्यांग अकेले मुरैना के रहने वाले हैं।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस मामले को दबाने की कोशिश की गई थी परंतु आयुक्त निशक्तजन कल्याण मामले का संज्ञान लिया।

फर्जी प्रमाण पत्र से 60 अभ्यर्थी स्कूल शिक्षा और 17 जनजातीय कार्य विभाग में नियुक्ति पाना चाहते थे। मामला सामने आने के बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने जनजातीय कार्य विभाग को फर्जी प्रमाण पत्र लगाने वाले अभ्यर्थियों की जानकारी दी है।

फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट मामले में कितनी सजा होती है

आयुक्त निशक्तजन कल्याण बताते हैं कि दिव्यांगजन अधिनियम-2016 के अनुसार कपटपूर्वक कोई दिव्यांगजन के लिए मिलने वाले लाभ लेता है या लेने का प्रयास करता है, तो वह दंडनीय है। ऐसे मामले में दो वर्ष तक का कारावास या एक लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है।

दो मकानों के ताले टूटे, नकदी-जेवर सहित छह लाख की चोरी

बालाघाट। नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-33 में चोरों ने दो मकानों के ताले तोड़कर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। बीती रात दोनों घरों से नकदी और जेवर सहित छह लाख से अधिक की चोरी हुई है। घटना स्थल कोतवाली थाना क्षेत्र में है या ग्रामीण थाना नवेगांव में, इसे लेकर पुलिस उलझन में है। मौका स्थल पर कोतवाली और थाना नवेगांव के पुलिसकर्मी मौजूद हैं, लेकिन चोरी के बाद अब तक न फिंगरप्रिंट ऐक्सपर्ट की तफ्तीश शुरू हो पाई है और न ही बयान दर्ज हो पाए हैं।

चोरों ने दो घरों में वारदात को अंजाम देने के बाद तीसरे घर को निशाना बनाना चाहा, लेकिन इसमें वो असफल रहे। साथ ही तीसरे घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। उक्त घर शर्मा का है, जो वर्तमान में बिलासपुर में हैं। बताया गया कि पड़ोस में दो घरों में हुई चोरी की वारदात की खबर सुनने के बाद उन्होंने अपने घर के सीसीटीवी फुटेज मोबाइल पर देखे तो उन्हें दो लोग गेट के पास चोरी की नियत से खड़े नजर आ रहे हैं।

बीएमएचआरसी के चिकित्सकों ने बिना बच्चेदानी निकाले किया सफल उपचार

26 वर्षीय महिला के गर्भाशय में बन गया था नसों का गुच्छा, जिससे हो रहा था रक्तस्राव। इंटरवेंशनल रेडियोलाजी तकनीक से किया सफल इलाज

भोपाल। भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) के डॉक्टरों ने लंबे समय से रक्तस्राव की समस्या से जूझ रही महिला की बच्चेदानी निकाले बिना ही सफलतापूर्वक इलाज कर दिया। महिला अब पूरी तरह स्वस्थ है और उसे अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई है। रेडियोलाजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा राधेश्याम मीणा ने बताया कि 26 वर्षीय एक महिला की करीब चार महीने पहले गर्भाशय की सफाई की गई थी। इसके बाद से उसे लगातार रक्तस्राव हो रहा था और उनका हीमोग्लोबिन का स्तर भी काफी कम हो गया था। आराम न मिलने पर डॉक्टर ने उन्हें बीएमएचआरसी जाने की सलाह दी।

यहां जांच मे पता चला कि गर्भपात कराने के बाद मरीज की बच्चेदानी में नसों का गुच्छा बन गया था, जिसे यूटरिन एव्हीएम कहा जाता है। उसी वजह से रक्तस्राव हो रहा था। उन्होंने बताया कि ऐसे मामलों में इलाज़ के दो ही विकल्प होते हैं। पहला आपरेशन कर महिला की बच्चेदानी निकाल देना या गुच्छेदार नसों को बिना आपरेशन किए बंद कर देना। चूंकि, महिला की उम्र अभी कम थी और उनका सिर्फ एक ही बच्चा था, इसलिए वह बच्चेदानी निकालने का आपरेशन नहीं कराना चाहती थी। ऐसे में बीएमएचआरसी में डा राधेश्याम मीणा ने डीएसए मशीन के जरिये इंटरवेंशनल रेडियोलाजी तकनीक से गुच्छेदार नसों को बंद करके मरीज का सफल इलाज किया। इस प्रक्रिया को यूटरिन आर्टरी ऐम्बालिजेशन (यूएई) कहा जाता है। इस प्रक्रिया में बमुश्किल एक घंटे का समय लगा और मरीज को कुछ ही दिनों में डिस्चार्ज कर दिया गया।

या होता है यूटरिन आर्टरी ऐम्बालिजेशन (यूएई)

- गर्भाशय निकालने की सर्जरी का एक प्रभाशाली विकल्प है।
- इंटरवेंशनल रेडियोलाजिस्ट द्वारा यह प्रक्रिया की जाती है।
- इस प्रक्रिया में डीएसए मशीन के जरिए गर्भाशय को रक्त पहुंचाने वाली धमनी को ब्लाक कर दिया जाता है।
- इससे रक्तस्राव बंद हो जाता है और फाइब्रोइड का आकार काफी कम हो जाता है

प्रक्रिया के फायदे

- इसमें सर्जरी की आवश्यकता नहीं होती और बड़ा चीरा नहीं लगाना पड़ता।
- इस प्रक्रिया के बाद महिला का मासिक चक्र नियमित हो जाता है।
- गर्भाशय को निकालने की आवश्यकता नहीं होती, जिससे भविष्य में गर्भ धारण करने की संभावना बनी रहती है।

नाले पर किया था अतिक्रमण, जेसीबी से तोड़े गए पक्के निर्माण

बालाघाट। नगर के वार्ड क्रमांक 4 और 5 में जल निकासी के बड़े नाले पर लोगों ने कब्जा कर लिया था। जिसके कारण पर्याप्त मात्रा में जल निकासी नहीं हो पा रही थी। बुधवार को नगर पालिका के अमले ने जल निकासी के लिए नाले पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान जेसीबी से पक्के निर्माण कार्य को तोड़ा गया। नगर पालिका के इस कार्य का कुछेक वार्डवासियों ने विरोध भी जताया। लेकिन नगर पालिका ने किसी की नहीं सुनी। जल निकासी के लिए व्यवस्था पूरी की। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। जानकारी के अनुसार नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 4, 5 में नाले पर किए गए अतिक्रमण के मामले में नगरपालिका ने 17 लोगों को नोटिस जारी किया था। सभी अतिक्रमणकारियों को अपना अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। लेकिन किसी भी अतिक्रमणकारी ने अतिक्रमण नहीं हटाया था।

मृतकों का नाम जोड़ दिया मतदाता सूची में, हाईकोर्ट ने कहा- सात दिनों में करो अपील का निराकरण

जबलपुर। याचिका में कहा गया था कि प्रायमरी एग्री कल्चार कैडिट को-ऑपरेटिव कमेटी नवगांव के चुनाव होना हैं। पूर्व की सूची के आधार पर उक्त मतदाता सूची जारी की गई है, जबकि कई मतदाताओं की मृत्यु हो गई है।

को-ऑपरेटिव सोसायटी चुनाव की मतदाता सूची में मृतकों का नाम जोड़े जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। याचिका में कहा गया था कि मतदाता सूची के खिलाफ अपील दायर की गई थी, जिस पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं हुई। हाईकोर्ट जस्टिस एके पालीवाल ने सभी पक्षों को सुनकर सात कार्य दिवय में अपील का निराकरण करने आदेश जारी किए हैं।

बता दें कि पन्ना जिले के नवगांव निवासी भगवानदीन दुबे सहित तीन व्यक्ति की तरफ से दायर की गई याचिका में कहा गया था कि प्रायमरी एग्री कल्चार कैडिट को-ऑपरेटिव कमेटी नवगांव के चुनाव होना हैं। इसके लिए सोसायटी के रजिस्टार ने मतदाता सूची जारी की है। को-ऑपरेटिव सोसायटी के चुनाव दस साल बाद हो रहे हैं। पूर्व की सूची के आधार पर उक्त मतदाता सूची जारी की गई है, जबकि कई मतदाताओं की मृत्यु हो गई है। जिसके खिलाफ उसने असिस्टेंट रजिस्टार को-ऑपरेटिव सोसायटी पन्ना के समक्ष अपील दायर की थी। उनके छुट्टी में रहने के कारण अपील की सुनवाई नहीं हुई। जिसके कारण उक्त याचिका दायर की गईहै। एकलपीठ ने सुनवाई के बाद उक्त आदेश के साथ याचिका का निराकरण कर दिया। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता समदर्शी तिवारी ने पैरवी की।

शिवराज सरकार का दावा, यूरिया के लिए नहीं भटकेंगे किसान

मध्य प्रदेश के किसानों को बड़ी राहत पहुंचाते हुए शिवराज सरकार ने इस बार डीएपी यूरिया की पर्याप्त मात्रा में भंडारण का दावा किया है. कृषि मंत्री कमल पटेल की ओर से दावा किया गया है कि किसानों को डीएपी यूरिया के लिए भटकना नहीं पड़ेगा. सरकार ने इस बार 25 से 30% अधिक भंडारण किया है.

मध्य प्रदेश के 51 जिलों में 70 फ़ीसदी से ज्यादा विधानसभा सीटें ग्रामीण क्षेत्रों से आती है. 230 में से 161 सीटों पर किसानों का प्रभाव है. किसान जिस पार्टी के पक्ष में वोट दे दे, उस पार्टी को सत्ता में आने से कोई नहीं रोक सकता है. चुनावी साल में शिवराज सरकार किसानों को बिल्कुल नाराज नहीं करना चाहती है. इसी के चलते डीएपी यूरिया को लेकर अभी से भंडारण कर लिया गया है. शिवराज सरकार के कृषि मंत्री कमल पटेल के मुताबिक खरीफ और रबी की फसल में यूरिया डीएपी की आवश्यकता होती है. इसके लिए किसानों को हर साल दिक्कत का सामना करना पड़ता है. इस बार यह निर्णय लिया गया है कि डीएपी यूरिया को प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर भंडारित कर रखा जाए. इसके तहत सरकार ने पूरी व्यवस्था के लिए सोसाइटी के माध्यम से खाद का वितरण कराया जाएगा. इसके लिए किसान को 20 किलोमीटर से अधिक दूरी भी तय नहीं करना पड़ेगी. मध्यप्रदेश में 250 से ज्यादा खाद वितरण केंद्र बनाए गए हैं.

11 लाख किसानों का ब्याज माफ

कृषि मंत्री कमल पटेल के मुताबिक कांग्रेस की सरकार की झूठी घोषणाओं के कारण मध्य प्रदेश के 11 लाख किसान डिफॉल्टर हो गए थे. इन किसानों के लिए शिवराज सरकार ने 2129 करोड़ रुपये ब्याज माफ करने का एलान किया है. इस योजना के अमलीजामा पहनने के बाद किसान नियमित हो जाएंगे, उन पर बैंक का ब्याज बकाया नहीं रहेगा. कृषि मंत्री कमल पटेल ने भी बताया कि 267 रुपये में यूरिया और 1350 में डीएपी किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी.

दैनिक यशोन्नति

संभागायुक्त ने किया लाड़ली बहना योजनांतर्गत आयोजित विशेष ग्रामसभा का निरीक्षण

सिवनी यशोः- संभागायुक्त जबलपुर श्री अभय वर्मा ने गुरुवार 8 जून को अपने सिवनी जिले में प्रवास के दौरान धूमा क्षेत्र में आयोजित मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत आयोजित विशेष ग्राम शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित लाडली बहना योजना की पात्र महिलाओं को योजना की संक्षिप्त जानकारी देने के साथ ही साथ अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की सभी पात्र महिलाओं को पात्रतानुसार योजना का लाभ मिले, शासन से राशि हस्तांतरित होने पर अनिवार्य रूप से पात्र महिला के बैंक खाते में पहुंचे यह सुनिश्चित हो। उन्होंने ऐसी महिलाएं जिनके बैंक खाते के अब तक किसी भी कारण से डीबीटी इनेबल्ड नहीं है, उन्हें तत्काल ने डीबीटी इनेबल्ड कराया जाए। उन्होंने अपने समक्ष मुख्यमंत्री श्री चौहान के संदेश का वाचन भी कराया।

वन्य प्राणियों की सुंदर झलक सहज ही दिख रही पर्याटको को

चोटिल हुई टी20 बाघिन (लंगडी) को स्वस्थ्य अवस्था में जलस्त्रोंतों के पास चहलकदमी करते हुए देखा गया

सिवनी यशोः- पेंच टाईगर रिजर्व इन दिनों आनंद बिखेर रहा है जहाँ नन्हें शावको ने इस उद्यान में आगाज किया है वही बाघों की स्वच्छंद चहलकदमी पर्याटको के लिये सुखद अनुभूति से आनंदित करा रहा है ।

पिछले दिनों सुबह सफारी के दौरान पर्यटको ने टी20 बाघिन (लंगडी) को बड डोबरी के पास चोटिल अवस्था में देखा था जिसका इलाज 30 मई को पेंच टाईगर रिजर्व के वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. अखिलेश द्वारा किया था । पर्याटको ने इस बाघिन को बुधवार के दिन कर्माझिरी वन क्षेत्र स्थित जलस्त्रोतो के पास अपनी प्यास बुझाते हुये और पानी में चहलकदमी करते हुए दिखाई दी जिसे पर्यटको ने कैमरों ने कैद कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि यह बाघिन कि अनुमानित आयु 16 वर्ष है और अपनी आयु के अनुरूप यह स्वस्थ है ट्रीटमेंट के बाद बाघिन की निगरानी पेंच प्रबंधन द्वारा की जा रही है जिस पर स्वस्थ्य अवस्था में बुधवार को कर्माझिरी वन क्षेत्र में यह बाघिन जलस्त्रोतो से प्यास बुझाते हुए तथा चहलकदमी करते हुए दिखाई दी है।

पाटदेव की बहन लक्ष्मी बाघिन ने दिखायी सुंदर झलक

इसके साथ ही वन्य प्राणियों के लिये जलस्रोत आकर्षित कर रहा है गर्मी के कारण वन्य प्राणी अपनी प्यास बुझाने जल स्रोतो के नजदीक आकर पर्याटको को आसानी से दिख रहे है । पिछले दिनों इंदौर से आये हुये रिकेंश शाह एवं धीरेन पटेल को पेंच नेशनल पार्क के टुरिया वन क्षेत्र में जलस्त्रोत्र से अपनी प्यास बुझाते हुये पाटदेव बाघिन की बहन लक्ष्मी नजर आई। जलस्त्रोत में प्यास बुझाने के दौरान लक्ष्मी बाघिन की परछाई पानी पर स्पष्ट दिख रही है । इस मनोरम दृश्य को उन्होंने अपने कैमरे में कैद किया ।

लाड़ली बहना योजना को लेकर उत्साहित हैं बहनें

मंडला यशोः- मंडला के बूढ़ीमाई वार्ड निवासी ममता राय मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत मिलने वाली राशि को लेकर उत्साहित है। हाल ही में ममता को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का स्वीकृति पत्र मिल गया है। ममता कहती है कि मैं एक ग्रहणी हूँ और मेरे पति जीवन राय परिवार के लालन-पालन के लिए ऑटो चलाते हैं। मेरे 2 बच्चे हैं जिनकी पढ़ाई के लिए मैं हमेशा चिंतित रहती थी। मेरी इच्छा है कि मेरे दोनों बच्चे शिक्षित होकर अच्छे नागरिक बनें। मुझे लाड़ली बहना योजना से जो 1 हजार रू. मिलेंगे इससे मैं अपने बच्चों के भविष्य को बेहतर करने में उपयोग करूंगी एवं उनकी बेहतर परवरिश में खर्च करूँगी। मैं बहनों के लिए इस तरह की योजना लाने के लिए मुख्यमंत्री जी का बहुत-बहुत धन्यवाद करती हूँ।

अवैध यूरिया के परिवहन पर एफआईआर दर्ज

सिवनी यशोः- उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार जिले में कृषकों को मानक स्तर की गुणवत्ता युक्त कृषि आदान सामग्री जैसे उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभागीय दल द्वारा सतत कृषि आदानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी क्रम में विगत 7 जून 23 अनुविभागीय अधिकारी कृषि सिवनी पदेन उर्वरक निरीक्षक श्री प्रफुल्ल घोडेसवार एवं सहायक संचालक कृषि सिवनी पदेन उर्वरक निरीक्षक श्री पवन कुमार कौरव द्वारा निरीक्षण के दौरान बरघाट कान्हीवाडा रोड पर बरघाट से कान्हीवाडा की ओर आ रहे ट्रक क्र.एम.पी. 22 जी. 4113 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण करने पर पाया गया कि उक्त ट्रक में 150 बैग यूरिया रखी हुई थी। जिसके संबंध में ट्रक ड्रायवर से उसकी, वाहन एवं वाहन में रखे यूरिया के संबंध में पूछताछ करने पर ट्रक ड्रायवर द्वारा अपना नाम मो.जहिर खान पिता कय्यूम खान एवं स्वयं को ट्रक का मालिक बताया गया। ट्रक में रखे 150 बैग यूरिया के संबंध में मो. जहिर से आवश्यक दस्तावेज जैसे किसानों के जमीन के कागज, बिल परिवहन संबंधी दस्तावेज मांगे जाने पर मो. जहिर द्वारा कोई भी दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत नही किये जा सके गये। जिसके आधार पर पर उक्त 150 बोरियों जिसमें कंपनी का नाम नर्मदा बायोकेम लिखा पाया गया था, जप्त कर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 03, 07 तथा उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 07 का उल्लंघन पाये जाने पर मो. जहिर पिता कय्यूम, ग्राम निवासी अमिनगंज विकासखंड बरघाट के विरूद्ध थाना कान्हीवाडा में एफ.आई.आर. दर्ज करायी गई।

फोटो निर्वाचक नामावली संबंधी वीसी आज

मंडला यशोः- अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा आम निर्वाचन 2023 एवं फोटो निर्वाचक नामावली का द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में 9 जून 2023 को प्रातः 11 बजे से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कलेक्टर द्वारा चर्चा की जायेगी।

सीधी में भीषण सड़क हादसा, दो बच्चों सहित 7 की मौके पर मौत

मध्य प्रदेश के सीधी जिले में 8 जून को दोपहर भीषण सड़क हादसा हो गया. सीधी टिकरी मार्ग के डोल के पास हाइवा ट्रक ने बोलेरो को रौंद दिया. इस हादसे में 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि, दो लोगों की हालत गंभीर है. हादसा इतना भीषण था कि इसे देख लोगों के होश उड़ गए.

सीधी। मध्य प्रदेश के सीधी में उस वक्त चीख-पुकार मच गई, जब भीषण सड़क हादसे में 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं. हादसा 8 जून की दोपहर सीधी टिकरी मार्ग के डोल में हुआ. यहां हाइवा ट्रक ने बोलेरो को पूरी तरह रौंद दिया. उस वक्त मृतक कुंदौर गांव से सीधी के सिरसी गांव आ रहे थे. हादसे में दो लोगों की हालत गंभीर है. सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई.

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया बोलेरो सड़क किनारे खड़ी हुई थी. लोग उसी में बैठे थे. इतने में हाइवा ट्रक रफ्तार से आया और उसे टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए. गाड़ी पूरी तरह खत्म हो गई. उसमें बैठे लोग उसमें दब गए. हादसा की आवाज इतनी तेज थी कि लोग सहम गए. नजारा देखते ही वे उस दौड़े और लोगों की मदद करनी शुरू की. लोगों ने गाड़ियों के फंसे पार्ट्स को निकालना शुरू किया.

हादसा होते ही मची अफरा-तफरी

लोगों ने बताया कि एक के बाद एक जब बोलेरो में से लोगों को निकाला तो पता चला कि 7 लोगों की मौत वहीं हो चुकी थी. इन मृतकों में बच्चे भी थे. ये सब देख सड़क पर अफरा-तफरी मच गई. कुछ लोगों ने पुलिस को फोन किया, तो कुछ लोगों ने अस्पताल को सूचना दी. सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंचे. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया. फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है. पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है.

व्यापारी को धमकाने चलाई गोलियां और बम फेंका, इलाके में दहशत, एक आरोपी को किया गिरफ्तार



जबलपुर में बुधवार रात को खाना खाने के बाद टहलने निकले व्यापारी को धमकाने के लिए फायरिंग करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने धमकी देकर उस पर बम भी फेंका और भाग गए। गोली व बम की आवाज सुनकर क्षेत्र में दहशत फैल गई थी।

हनुमानताल थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी के अनुसार लाल कुआं क्षेत्र निवासी रवि कुमार तिवारी नामक व्यापारी बुधवार की रात खाना खाने के बाद टहलने निकला था। रात लगभग 12 बजे के करीब वह घर के पास पहुंचा तभी संजय चौधरी, आयुष चौधरी, रोहित प्रजापति, बाबेल कुचबंधिया नामक युवक आए और उसे धमकाने के लिए फायरिंग करने लगे। आरोपी उससे बहुत कमाई करने की बात कहते हुए बम पटककर भाग गए। थाना प्रभारी गोल्हानी ने बताया कि पूरी घटना क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है। आरोपियों के खिलाफ धारा 386, 25/27 आर्म्स ऐक्ट, विस्फोटक ऐक्ट, 34 सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपी युवकों का पुराना अपराधिक रिकॉर्ड है। पुलिस ने गोली चलाने वाले बाबेल कुचबंधिया नाम युवक को अभिरक्षा में ले लिया है।

12 जून को आईटीआई सिवनी में एक दिवसीय प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला

सिवनी यशोः- प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार 12 जून 23 को प्रातः 10 बजे से आईटीआई सिवनी में एक दिवसीय प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें रेजॉन सोलर प्राईवेट लि. सूरत द्वारा भर्ती कार्यवाही की जाएगी। अप्रेंटिसशिप में 10वी, 12वी + आईटीआई उत्तीर्ण (इलेक्ट्रशियन, फिटर, मैकेनिकल इलेक्ट्रकल), बीएससी, डिप्लोमा मैकेनिकल पॉलिटेक्निक 18 से 30 वर्ष के अभ्यार्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र एवं बायोडाटा सहित उक्त दिवस एवं स्थान में शामिल हो लाभ ले सकते हैं। अप्रेंटिसशिप के दौरान 16000-17199 रू.प्रतिमाह स्टाइपेन्ड एवं अन्य सुविधाएं प्राप्त होगी। अप्रेंटिसशिप प्रतिभागिता हेतु यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

पंजीकृत महिलाओं को घर-घर जाकर प्रदाय किए जा रहे हैं स्वीकृती पत्र

सिवनी यशोः- मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा महिलाओं की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने, महिला सशक्तिकरण एवं आत्म निर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में %% मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना%% प्रारंभ की गई है। योजना अंतर्गत पंजीकृत महिलाओं को आगामी 10 जून को मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा योजना से पंजीकृत महिलाओं के खातों में एक-एक हजार रूपये की राशि अंतरित की जाएगी। इसी क्रम स पूर्ण प्रदेश के साथ ही जिले में भी योजना से पंजीकृत महिलाओं को उनके घर जाकर स्वीकृति पत्र प्रदाय किए जा रहे हैं। स्वीकृति पत्र पाकर महिलाएं भी अत्यंत प्रसन्नचित हो रही हैं।

ऐसी ही योजना से लाभांवित बहना ग्राम धनौरा निवासी भावना बकोड़े भी हैं, जिन्हें योजना का स्वीकृति पत्र प्राप्त हुआ। श्रीमती बकोड़े बताती हैं कि योजना अंतर्गत प्राप्त होने वाली 1 हजार रू. की राशि निश्चित ही परिवार चलाने में सहायक सिध्द होगी। जिससे हम छोटी-मोटी घर की आवश्यक जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। श्रीमती बकोड़े लाड़ली बहना योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री चौहान को सहृदय धन्यवाद दे रही हैं।

कलेक्टर ने इवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

सिवनी यशोः- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने बुधवार 7 जून को बीझांवाड़ा स्थित इवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर 10 जून को ईवीएम एफएलसी तैयारियों एवं वेयरहाउस मे 11श्चड्डह्ल के, ञ्जक्क कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने निर्वाचन आयोग के मानदंड अनुसार समस्त व्यवस्था बनाने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी निर्वाचन सुपरवाइजर को दिये।

मुख्यमंत्री चौहान की पहल, युवाओं को पर्यटन क्षेत्र में भी मिलेंगे रोजगार के अवसर

*** 800 से अधिक संस्थाओं में 4 हज़ार से अधिक युवा होंगे लाभान्वित**

*** टूरिज्म सेक्टर में स्किल इन्हांसमेंट और स्टार्टअप शुरू करने में मिलेगी मदद**

सिवनी यशोः- पर्यटन क्षेत्र में रोजगार की संभावना और स्टार्टअप शुरू करने का सपना संजोए युवाओं के लिए एक अच्छी खबर है। मुख्यमंत्री सीखों-कमाओं योजना में पर्यटन विभाग प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर लाया है। पर्यटन के क्षेत्र में कार्य करने वाली 800 से अधिक संस्थाओं ने प्रदेश के 4 हज़ार से अधिक युवाओं को इस योजना में लाभ देने की पहल की है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के विज़न अनुरूप योजना प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर और प्रदेश की अर्थ-व्यवस्था को सुदृढ़ करने का श्रेष्ठ माध्यम है।

बड़े होटल और संस्थान से जुड़ने का अवसर

पर्यटन विभाग में सीखने वाले युवाओं को देश और प्रदेश के बड़े होटल और संस्थान से जुड़ने और काम करने का सुलभ अवसर मिलेगा। क्रिसेंट स्पा एंड वाटर पार्क इंदौर, होटल ताज भोपाल, ओरछा पैलेस ओरछा, सीएआरडी भोपाल, लेक सिटी इंटरटेनमेंट, ट्रैवल इंडिया टूरिज्म, ध्रुव एडवेंचर, होटल रिडीशन भोपाल सहित विभिन्न प्रसिद्ध होटल और संस्थान प्रदेश के युवाओं को प्रशिक्षित करेंगे।

होटल, टूर ट्रेवल्स और पर्यटन गतिविधियों में सीखने का मौका

मुख्यमंत्री सीखों कमाओं योजना में प्रदेश के प्रतिष्ठित होटल, टूर एंड ट्रैवल एजेंसी सहित पर्यटन के विभिन्न क्षेत्रों में सीखने और रोजगार के अवसर मिलेंगे। होटल में बेलबॉय, मार्केटिंग ऐक्जीक्यूटिव, फ्रंट ऑफिस, किचन एसिटेंस, हाउस कीपिंग, सिक्योरिटी, गार्डनिंग संबंधी स्किल टूर एंड ट्रैवल मे रिसेप्शनिस्ट, अकाउंट, पियून और सोशल मीडिया मार्केटिंग संबंधी स्किल सीखने और रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। साथ ही मीडिया एंटरटेनमेंट, मार्केटिंग, ऑडियो वीडियो प्रोडक्शन, एडवेंचर ऐक्टविटीज आदि के क्षेत्र में सीखने का अवसर मिलेगा।

स्व-रोजगार और स्टार्टअप शुरू करने में मिलेगी मदद

योजना में युवाओं की न सिर्फ स्किल में वृद्धि होगी। बल्कि उनका आत्म-विश्वास भी बढ़ेगा। साथ ही साथ पर्यटन के क्षेत्र में स्टार्ट अप जैसे सिक्योरिटी एजेंसीज, एडवेंचर ऐक्टविटीज एजेंसी जैसी संस्थाएं खोलने के लिए प्रेरक का कार्य करेगी।

21 वी सदी के कौशल पर आधारित सीसीएलई प्रशिक्षण का हुआ समापन

सिवनी यशोः- महारनी लक्ष्मीबाई शास कन्या उच्च माध्य. विद्यालय सिवनी में चल रहा सीसीएलई के प्रशिक्षण का समापन हो गया । जिसमे-चार दिवसीय प्रशिक्षण में जिले के तीन विकासखंड सिवनी बरघाट एवं केवलारी के प्रत्येक हाईस्कूल एवं हायर सेकेन्डरी के एक एक शिक्षक को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें 21 वीं सदी के कैप्शन अन्तर्गत अनेक कौशल जैसे लेखन कौशल वक्तृत्व कौशल कला आर्ट आदि को अनेक गतिविधीयों के माध्यम से सभी को समझाया गया एवं यह भी बताया गया कि इन कौशलों की छात्रो के समग्र विकास में किस प्रकार सभी शिक्षक अपने विद्यालय में प्रयोग कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण जिला शिक्षा अधिकारी केके पटेल नोडल अधिकारी एस एस कुमरे (सहायक संचालक) एवं एडीपीसी एमके सैयाम और विपनेश जैन के नेतृत्व मे भोपाल से प्रशिक्षण प्राप्त आर जी प्राचार्य एम एल तेकाम, एसडी मैकेजी, संजय वाहने, ए.पी परस्ते, सुनील तिवारी, वीरेन्द्र दीक्षित सुनील ठाकुर राजेन्द्र राहंगडाले, कमलेश बघेल ओ. एस तिलगाम, श्रीमति अर्चना मर्सकोले, श्रीमति श्वेता राहंगडाले ने अपने दायित्वों का निर्वहन किया।

साथ ही इस टी आर जी टीम को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा नियुक्त सहयोगी टीम संतोष सूर्यवंशी, शमसुननिशा विजय शुक्ला, रश्मि पांडे अनिता भार्गव जयश्री तिवारी कल्पना शर्मा का विशेष सहयोग रहा। साथ ही जिला शिक्षा के चिकारी कार्यालय के कार्यालयीन कर्मचारियों विशेष सहयोग रहा। कार्य हम के अन्त में सुश्री राजू जैन एवं डीसी. मिश्रा द्वारा चार दिवसीय प्रशिक्षण का फीडबैक दिया गया। सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम के समापन पर प्रमाण पत्र वितरित किए गये।

13 जून को होगा किसान-कल्याण महाकुंभ

भोपाल- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा किसान-कल्याण के लिए अनेक गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। राजगढ़ जिले में लोकार्पित हो रही मोहनपुरा-कुंडालिया सिंचाई प्रणाली से क्षेत्र के किसानों की जिन्दगी बदल जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान 13 जून को राजगढ़ में होने वाले किसान-कल्याण महाकुंभ की तैयारियों की निवास कार्यालय में समीक्षा कर रहे थे। राजगढ़ कलेक्टर और अन्य अधिकारी बैठक में वुर्चअली शामिल हुए। बताया गया कि महाकुंभ में मुख्यमंत्री श्री चौहान तथा केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

"मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना" का लाभ लें युवक-युवतियां

सिवनी यशोः- प्रभारी प्राचर्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन द्वारा संचालित %%मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना%% से व्यापक स्तर पर औपचारिक शिक्षा प्राप्त युवक-युवतियां जिन्होंने 12 वी व उससे कम कक्षा उत्तीर्ण तथा आईटीआई पॉलीटेक्निक डिप्लोमा या उच्च शिक्षा प्राप्त किया है, उनको पंजीकृत औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठनों में छात्र- प्रशिक्षणार्थी के रूप में ऑन द जॉब ट्रेनिंग (ह्वछ्वञ्ज) कराया जायेगा। योजना में में 18 वर्ष से 29 वर्ष के मध्यप्रदेश के स्थानीय निवासी युवा ङ्गयुवती पात्र होंगे।

प्रशिक्षण के दौरान छात्र-प्रशिक्षणार्थी को स्टायपण्ड प्राप्त होगी। जिसके अंतर्गत 12वी या उससे कम कक्षा उत्तीर्ण छात्र प्रशिक्षणार्थी को 8000 प्रतिमाह, आईटीआई उत्तीर्ण छात्र प्रशिक्षणार्थी को 8500 प्रतिमाह, डिप्लोमा उत्तीर्ण छात्र-प्रशिक्षणार्थी को 9000 प्रतिमाह एवं स्नातक उत्तीर्ण या उच्च योग्यता धारी प्रशिक्षणार्थी को 10 हजार प्रतिमाह स्टायपण्ड प्राप्त होगी। स्टायपण्ड की 75 प्रतिशत राशि राज्य शासन द्वारा छात्र प्रशिक्षणार्थी के खाते में सीधे (छ्वक्च) के माध्यम से जमा होगी एवं शेष 25 प्रतिशत राशि औधोगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानाकें के द्वारा भुगतान किया जायेगा। प्रशिक्षण अवधि अधिकतम एक वर्ष की होगी। आवेदक हठ्ठद्यद्बठ्ठद्ग क्कश्रह्लह्लड्डद्य के माध्यम से अपना पजीयन कर सकेंगे। इच्छुक युवक-युवतियां उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिये प्रशिक्षण अधिकारी शासकीय आईटीआई सिवनी श्री संदीप सैनी से सम्पर्क कर सकते हैं।

प्लेसमेंट ड्राइव में 30 छात्रों का हुआ चयन

सिवनी यशोः- जिला रोजगार अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय के सहयोग से बुधवार 07 जून 2023 को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बरघाट में मुंद्रा सोलर प्रायवेट लिमिटेड कच्छ गुजरात द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित 53 अभ्यार्थियों में से कंपनी द्वारा 30 छात्रों का चयन प्रशिक्षु हेतु किया गया।

यशोन्नति

लाड़ली बहना योजना से मिलने वाली राशि का उपयोग मैं अपने व्यवसाय में करूँगी - रश्मि

मंडला। यशोः- मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के स्वीकृति पत्र मिलने से जिले की महिलाओं में खुशी की लहर है। पात्र हुई महिलायें चर्चा के दौरान बताती हैं कि एक हजार रुपये कमाने के लिए भी बहुत मेहनत करना पड़ती है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से मिलने वाली राशि हम बहनों के लिए बहुत लाभदायक होगी, जिससे हम अपनी जरूरतों को पूरा कर पाएंगे। लाड़ली बहना योजना का स्वीकृति पत्र मिलने पर नारायणगंज निवासी रश्मि बताती हैं कि 10 जून 2023 से सरकार द्वारा उनके बैंक खाते में एक हजार रुपये की राशि भेजी जाएगी। मैं एक छोटा सा स्वरोजगार करती हूँ। लाड़ली बहना योजना से मिलने वाली राशि का उपयोग मैं अपने व्यवसाय में करूंगी। इस योजन का लाभ देने के लिए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद।

गरीबों के साथ अमीरों ने भी लाड़ली बहना के लिए किया आवेदन अब कर दिए गए पात्र मिलेगा लाभ

मंडला यशोः- लाड़ली बहना योजना में बड़ी संख्या में वे लोग भी लाभ लेने वाले हैं जो वास्तव में योजना के तहत अपात्र है जानकारी अनुसार बड़ी संख्या में ऐसे लोगों के नाम भी पात्रों की सूची में है जिन महिलाओं के पति शासकीय नोकरी में है, या उनके आय योजना की पात्रता के लिए जरूरी आय से बढ़कर है। अधिकारियों ने लक्ष्य पूरा करने के लिए अपात्रों को भी पात्र बना दिया है जिसकी जांच के बाद ही इसका खुलासा हो सकता है।

बांटे जा रहे स्वीकृति पत्र

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत पात्र बहनों को स्वीकृति पत्र बांटने की प्रक्रिया लगातार जारी है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा स्वीकृति पत्र बाटे जा रहे हैं। शासन के निर्देशानुसार 8 जून को जिलेभर में लाड़ली बहना योजना पर केन्द्रित ग्रामसभाएं आयोजित की गई। इन ग्राम सभाओं में स्थानीय जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी एवं पात्र बहनें शामिल हुई। ग्रामसभाओं में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत 10 जून से मिलने वाली सहायता राशि एवं प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ग्रामसभाओं में पात्र बहनों को स्वीकृति पत्र वितरण भी किया गया। इस दौरान बहनों ने योजना के लाभ को लेकर अलग-अलग सकारात्मक प्रतिक्रियाएँ दी हैं तथा शासन एवं मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रति आत्मीय आभार व्यक्त किया है।

कार्यालय ग्राम पंचायत
नालपुर

मुख्यमंत्री के संदेश का हुआ वाचन

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा जिलाधिकारियों को 8 जून की ग्रामसभाओं में उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया था। इस क्रम में जिलाधिकारी अपने निर्धारित क्षेत्रों की ग्रामसभाओं में शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लाड़ली बहनों के लिए जारी किए गए संदेश का वाचन हुआ। साथ ही पंचायत स्तर पर पात्र हुई महिलाओं की सूची का वाचन भी कराया गया। ग्रामसभाओं के दौरान लाड़ली बहनों ने अलग-अलग गतिविधियाँ जैसे- रंगोली, भजन, नशामुक्ति शपथ आयोजित भी की।

भाजपा सरकार के कार्यों को सोशल मीडिया के माध्यम से आम जन तक पहुंचाए- फग्गन सिंह कुलस्ते।

लोक सभा क्षेत्र की मीडिया इंफ्लूएंसर मीट संपन्न।

मंडला यशोः- आज के दौर में सोशल मीडिया देश के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। गांव से लेकर शहर और संपूर्ण देश तक आमजन की बातों तीव्रता के साथ व्यक्त करने का सबसे मुख्य माध्यम और आधार सोशल मीडिया है। आज समाज का हर व्यक्ति अपनी बात सरकार और संगठन के पास पहुंचाने में स्वयं सक्षम हो रहा है सोशल मीडिया ने अनेक मुद्दो को सरकार ओर जनता के बीच उठाकर सेतु के काम किया है उक्त आशय के उदगार भाजपा कार्यालय में आयोजित सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर मीट में केंद्रीय इस्पात ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने सोशल मीडिया के प्रभावशाली व्यक्तियों से कहा कि नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने सभी वर्गों के लिए योजनाएं बनायी है। सोशल मीडिया कार्यकर्ताओं को सभी प्लेटफार्म पर सक्रिय होकर केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। इस अवसर पर मोदी सरकार के 9 वर्ष सेवा, सुशासन, और गरीब कल्याण पर आधारित प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया, सोशल मीडिया मीट के प्रारंभ में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी ने अपने विचार व्यक्त किए, आयोजित मीट में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार सोशल मीडिया संयोजक अंशुमाली शुक्ला सुधीर दत्त तिवारी मीडिया प्रभारी डिंडोरी जय दत्त झा, कृष्ण चौधरी सोशल मीडिया संयोजक नरसिंहपुर सहित सोशल मीडिया के क्षेत्र में कार्य करने वाले मंडला, सिवनी और डिंडोरी जिले के प्रभावशाली व्यक्ति उपस्थित थे।

इन्फ्लुएंसर
मीट
08 जून 2023

पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग के युवक-युवतियां उद्यम/स्वरोजगार योजना का लाभ लें

सिवनी यशोः- सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के युवा युवतियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित उद्यम योजना में ऋण की सीमा रूपये 01 लाख से 50 लाख तक है। योजना अंतर्गत व्यवसाय सेवा एवं उद्योग से संबंधित प्रकरण तैयार किये जाने है। हितग्राहियों को इकाई लागत 03 प्रतिशत ब्याज अनुदान की सुविधा दी जायेगी एवं सीजीटी-एमएसई केडिट गारंटी ट्रस्ट फॉर माइक्रों एड स्माल एंटरप्राइजेस) योजनान्तर्गत देय गांरटी सेवा शुल्क की राशि की प्रतिपूर्ति 7 वर्षो तक राज्य शासन द्वारा की जायेगी। योजनान्तर्गत आय सीमा 12 लाख से कम होना चाहिये। आवेदक की पात्रता में अंकसूचि, मूल निवासी प्रमाण पत्र, स्थायी जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, कोटेशन कार्ययोजना, समग्र आई डी, बैंक खाता, फोटो, योग्यता न्यूनतम 12 वी उत्तीर्ण, उम्र 16 से 40 वर्ष के मध्य हो, एवं किसी बैंक का चूककर्ता नहीं होना चाहिये। आवेदक द्वारा एम.पी.आनलाईन के स्ड्ढद्बह्लड्डद्यह्ल श्चशह्लड्डद्य के माध्यम से आवेदन पत्र आनलाईन किया जाना है। विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय सहायक संचालक, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सिवनी से संपर्क कर सकते है।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना: आयोजित हो रही विभिन्न गतिविधियाँ

मंडला यशोः- मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत 10 जून से पात्र बहनों को प्रतिमाह 1 हजार रूपए की राशि मिलना प्रारंभ हो जाएगी। मंडला जिले के नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों में योजना के प्रचार-प्रसार तथा जागरूकता के लिए अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। महिला बाल विकास विभाग, जनसेवा मित्र एवं जन अभियान परिषद के सहयोग से लाड़ली बहनों को स्वीकृति पत्र वितरण किया जा रहा है। इसी प्रकार रंगोली-चित्रकला के माध्यम से योजना का मैदानी स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। दीवार लेखन के माध्यम से भी योजना की जानकारी दी जा रही है। आंगनवाड़ी केन्द्रों में भजन मंडलियों के द्वारा योजना की जानकारी पर आधारित संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

मोदी सरकार ने संकल्प के साथ पूरा किया गरीब कल्याण और विकास के कार्य - फग्गन सिंह कुलस्ते

बिछिया में हितग्राही सम्मेलन संपन्न

मंडला यशोः- मोदी सरकार ने 9 वर्ष के कार्य काल को सेवा सुशासन गरीब कल्याण के लिए समर्पित किया, देश भर में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किया जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना से लेकर रसोई गैस कनेक्शन सौभाग्य योजना से विद्युतीकरण जल जीवन मिशन के माध्यम से गांव-गांव तक पानी की व्यवस्था जनधन खाते सिंचाई के संसाधन किसान सम्मान निधि लाडली बहना योजना पेशा ऐक्ट से ग्रामसभा को अधिकार शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम, वनाधिकार के पट्टे गांव-गांव सड़कें से लेकर देश के हर क्षेत्र में विकास की गति शक्ति को पहचान देने वाले श्री नरेंद्र मोदी की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने न केवल योजनाएं बनाई बल्कि सीधे आम जनता तक उसे पहुंचाने का कार्य किया है यह बात आज बिछिया में आयोजित हितग्राही सम्मेलन में केंद्रीय इस्पात ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने व्यक्त किया उन्होंने कहा मध्य प्रदेश की सरकार शहर और गांव में रहने वाले नागरिकों को भू अधिकार के तहत पट्टा देने का काम किया है छात्र छात्राओं को शिक्षा की बेहतर व्यवस्था मिले इसके लिए हर विकास खंड में एकलव्य स्कूल और मुख्यमंत्री राइज स्कूल की व्यवस्था की गई है श्री कुलस्ते ने कहा बिछिया विधान सभा की ग्रामीण अंचल की सड़कों को प्रधानमंत्री सड़क के तहत निर्माण किया गया है इस विधान सभा क्षेत्र की शेष सड़कों का प्रस्ताव उन्हें प्राप्त हुआ है उसे भी 2024 तक पूरा किया जाएगा। पदमी से घुघरी तक की सड़क हमने स्वीकृत किया और शीघ्र उसका निर्माण पूरा होगा बिछिया विधानसभा क्षेत्र की सभी जन मांगों ओर लंबित परियोजनाओं को पूर्ण करेंगे।

हितग्राही सम्मेलन में भाजपा जिला अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम पूर्व विधायक शिवराज शाह पंडित धुर्वे जिला महामंत्री नीरज मरकाम अशोक नानकानी मंडल अध्यक्ष अजयपुरी गोस्वामी आलोक दीक्षित ने भी संबोधित कर भाजपा सरकार के जनहितेशी कार्यो का उल्लेख किया। हितग्राही सम्मेलन में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना: अनेक आयोजनों से जनउत्सव जैसा वातावरण

मंडला यशोः-10 जून से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत पात्र हुई प्रत्येक महिला के खाते में प्रतिमाह एक हजार रूपए की राशि अंतरित की जाएगी। प्रदेश के साथ-साथ मंडला जिले के बहनों में भी इस योजना को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। पात्र बहनें शासन एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त करने नए-नए नवाचार कर रही हैं। नवाचारों के अंतर्गत मेंहदी प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही हैं। इसी प्रकार अनेक आकर्षक रंगोलियों द्वारा बहनें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति कृतज्ञता जाहिर कर रही हैं। मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों, जन अभियान परिषद एवं महिला बाल विकास विभाग के अमले द्वारा भी योजना से लाभ को लेकर पात्र बहनों की खुशियों एवं प्रतिक्रियाओं को प्राप्त किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 'मैं हूँ लाड़ली बहना' सेल्फी प्वाईट बनाया गया है जिसमें पात्र बहनें उत्साह के साथ सेल्फी एवं फोटो ले रही हैं। 8 जून को आयोजित ग्रामसभाओं के दौरान महिला भजन मंडलियों ने स्थानीय भाषाओं में गीत बनाकर संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया। महिला मंडलियों ने नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई।

धारदार हथियार से युवक पर हमला

मंडला यशोः- कोतवाली थाना अंतर्गत मंडला बस स्टैंड के नजदीक राजू टी स्टाल पर चाय पोहा खाने गए दो युवकों के साथ तीन आदतन अपराधियों ने मारपीट की और चाकू से हमला कर दिया। जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को इलाज के जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज जबलपुर रैफर कर दिया गया है। हमलावर का नाम भीमा नंदा बताया गया है जो कि आदतन अपराधी है और इस पर पूर्व में जिलाबदर की कार्रवाई हो चुकी है। वहीं चाकूबाजी में घायल युवक का नाम राहुल पटेल निवासी रंगरेज घाट बताया गया है। इस घटना में अर्जुन बरमैया और बीच बचाव करने आए सौरभ यादव भी घायल हुए हैं। घटना को अंजाम देकर अपराधी मौके से भाग निकले। फिलहाल पुलिस द्वारा उनकी तलाश की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के अनुसार बस स्टैंड के नजदीक एक टी स्टाल पर दो पक्षों के बीच लड़ाई हो गई। जिसमें संदीप भीमा नंदा ने राहुल पटेल को चाकू मार कर घायल कर दिया। इसमें दो अन्य युवक घायल हो गए हैं। आरोपी के साथ दो-तीन युवक के शामिल होने की आशंका है। जिनको ढूंढा जा रहा है।

प्रकृति के अनमोल खजाने की लूट

मंडला यशोः- खनिज संपदा की लूट मध्यप्रदेष के मंडला जिले में मची हुई है। खनिज विभाग के प्रभारी अधिकारी खुलेआम प्रकृति के अनमोल खजाने की लूट करा रहे हैं। जहां देखो वहां इस जिले में खनिज सामग्री की लूट मची हुई है। अवैध तरीके से रेत का कारोबार भयमुक्त होकर खुलेआम किया जा रहा है। रेत का कारोबार अवैध तरीके से किये जाने की वजह से नागरिकों में नाराजगी बढती जा रही है। नागरिकों का कहना है कि शासन प्रषासन की सांठ गांठ से प्रभारी अधिकारी सरेआम खनिज सामग्रियों का दोहन करा रहे हैं। जहां देखो वहां पर अवैध तरीके से उत्खनन अवैध तरीके से किया जा रहा है। रेत का बड़ा अवैध कारोबार इस जिले में चल रहा है और शासन प्रषासन के आला अधिकारी हाथ पर हाथ धर के बैठे हुए हैं। खनिज सामग्रियों का अवैध परिवहन भी ओव्हरलोड किया जा रहा है। डंपरो व अन्य वाहनों के माध्यम से खनिज संपदा का अवैध परिवहन इस जिले में खुले आम हो रहा है। जनापेक्षा है शीघ्र ही खनिज संपदा की लूट बंद की जावे और खासकर रेत का अवैध कारोबार पूरी तरह बंद किया जावे वरना नागरिकों की नाराजगी का सामना वर्तमान सरकार को करना पड़ सकता है।

मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना: प्रशिक्षण प्रदाताओं का पंजीयन प्रारंभ

मंडला यशोः- महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास विभाग के माध्यम से मुख्यमंत्री कौशल कमाओ योजना (सीखो कमाओ योजना) प्रारंभ की गई है। राज्य शासन द्वारा औपचारिक शिक्षा प्राप्त युवाओं को पंजीकृत औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठनों में ऑन-द-जॉब-ट्रेनिंग की सुविधा देने हेतु मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना प्रारंभ की गई है। योजना का मुख्य उदेश्य युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाकर उन्हे शासन की ओर से स्टायफण्ड उपलब्ध कराना तथा उन्हें भविष्य के लिए प्रशिक्षण दिलाकर बेहतर कमाई हेतु तैयार करना है। योजना हेतु आवेदक की आयु कम से कम 18 तथा अधिकतम 29 वर्ष होनी चाहिए तथा आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी हो एवं आवेदक की शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, आईटीआई उत्तीर्ण, उच्च रहेगी।

योजना के अंतर्गत भाग लेने हेतु प्रतिष्ठनों, उद्योगों के संबंध में अवगत कराया कि उनके पास पेन एवं जीएसटी पंजीयन उपलब्ध होना चाहिए। प्रतिष्ठान अपने कुल कार्यबल का 15 प्रतिशत युवाओं को प्रशिक्षण दे सकते हैं। योजना अंतर्गत स्टायफण्ड की राशि 8000 से 10000 के बीच होगी। (कोर्स के हिसाब से) जिसमें 25 प्रतिशत राशि प्रतिष्ठान द्वारा तथा 75 प्रतिशत राशि शासन द्वारा खाते में डाली जाएगी। प्रशिक्षण के उपरांत मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड द्वारा प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

जीएमडीआईसी ने बताया कि प्रशिक्षण प्रदाताओं का मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड में पंजीयन 7 जून 2023 से प्रारंभ हो चुका है। इच्छुक उद्योगपति, प्रतिष्ठान मालिक, व्यापारीगण अपना पंजीयन ाजजचरूध्ध्कउण्उचणहवअण्पद पर कर सकते हैं, जो कि 7 जून 2023 से प्रारंभ हो चुका है। प्रतिष्ठान को किसी प्रकार की कठिनाई, समस्या आने पर वे महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एन0के0 वास्कले के मोबाईल नंबर 9826210115 अथवा प्राचार्य आईटीआई बार0एस0 वरकड़े से मोबाईल नंबर 9407494351 पर संपर्क कर सकते हैं।

कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की समीक्षा

मंडला यशोः- कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने सभी विभागों के लंबित सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का समय सीमा में समुचित निराकरण सुनिश्चित करें। शिकायतों के निराकरण में राज्य के औसत से बेहतर रहने का प्रयास करें। डॉ. सिडाना ने समीक्षा के दौरान खाद्य विभाग की प्रगति से संतुष्टि जाहिर की। उन्होंने इस दौरान बी, सी तथा डी ग्रेड की शिकायतों वाले विभागों की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ रानी बाटड सहित संबंधित उपस्थित थे।

10 को फील्ड पर रहेंगे अधिकारी

कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन के निर्देशानुसार लाड़ली बहना योजना से संबंधित 8 जून को सभी स्तरों पर ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी। जिन अधिकारियों को आदेशित किया गया है वे सभी 10 जून को फील्ड पर रहेंगे। डॉ. सिडाना ने निर्देशित किया कि भ्रमण के पश्चात अधिकारी सीईओ जिला पंचायत को रिपोर्ट देंगे। उन्होंने 10 जून को लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत राशि वितरण कार्यक्रम के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जीएमडीआईसी से मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के अंतर्गत 7 जून से प्रारंभ हुए रोजगार प्रदाता प्रतिष्ठानों के पंजीयन की प्रगति की जानकारी ली।

कब पूरी होगी बरसात पूर्व की तैयारी

मंडला यशोः- बरसात पूर्व की तैयारी मध्यप्रदेश के मंडला जिले में कब शुरू की जाएगी नागरिक सवाल कर रहे है। सभी शासकीय विभागों द्वारा बरसात पूर्व की तैयारी करने में विलंब किया जा रहा है। लगभग 10 दिन का समय बचा हुआ है इतने कम दिनों में बरसात पूर्व की तैयारी कैसे पूर्ण होगी यह सवाल अनुत्तरित है। शासन प्रषासन द्वारा इस संबंध में कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सड़कों की हालत खस्ता है। सड़कों की मरम्मत व नवीनीकरण के लिए ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिले के लगभग सभी मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सरकारी स्कूल भवनों की हालत भी दयनीय हो गई है। क्षतिग्रस्त स्कूल भवनों व सभी सरकारी भवनों की मरम्मत व रंगरोगन के लिए कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। नदी नालों, तालाबों व अन्य जल स्त्रोतों को सुरक्षित करने के लिए भी कोई परिणामकारी प्रयास नहीं किये जा रहे हैं। आपदा प्रबंधन की तैयारी में कमी दिखाई दे रही है। जिला मुख्यालय मंडला में ही नर्मदा तटों पर कोई विषेष कार्य बरसात पूर्व की तैयारी के अनुसार नहीं किये जा रहे हैं। वृक्षारोपण की तैयारी भी शून्य दिखाई दे रहे हैं। पुल पुलियों की मरम्मत के साथ उन सभी कामों को नहीं किया जा रहा है जो बरसात पूर्व करना अत्यंत आवष्यक है। सभी अधूरे कामों को पूरा करने के लिए भी कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। बिजली का मेंटनेंस कार्य बरसात पूर्व होना चाहिए इसमें भी कमी दिखाई दे रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बीमारी, गंदगी, को दुरूस्त करने के लिए ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कुल मिलाकर बरसात पूर्व की तैयारी शून्य दिखाई दे रही है। जनापेक्षा है शासन प्रषासन द्वारा सभी शासकीय विभागों को मध्यप्रदेष के मंडला जिले में तेजी के साथ बरसात पूर्व की तैयारी कराई जाए साथ ही विकास कार्यों को तेजी के साथ परिणामकारी तरीके से पूरा कराया जाए।

सभी शैक्षणिक संस्थाओं का सुधार कार्य 15 जून तक पूरा करें - कलेक्टर

प्रवेश उत्सव की तैयारियों को पूरा करने के निर्देश

मंडला यशोः- बुधवार को कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने मंडला जनपद की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण करते हुए प्रवेश उत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सीएम राईज स्कूल सागर, प्राथमिक शाला दलकाखैरी, कन्या माध्यमिक शाला तथा बाल माध्यमिक शाला लिंगापौंड़ी का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी शालाओं में मरम्मत के कार्य 15 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि नवीन शिक्षा सत्र के पूर्व सभी शाला परिसर तथा भवनों में साफ-सफाई, रंग तथा आकर्षक पैंटिंग कराना सुनिश्चित करें। शाला परिसर को आकर्षक ढंग से तैयार करें। प्रवेश उत्सव के लिए नवाचार करें। उन्होंने सीएम राईज स्कूल सागर, कन्या माध्यमिक शाला तथा बाल माध्यमिक शाला लिंगापौंड़ी में चल रहे मरम्मत कार्य का विस्तार से जायजा लिया। कलेक्टर ने कहा कि वाटरप्रूफिंग, रंगाई-पुताई का काम गुणवत्ता के साथ करें। शाला भवन में प्रकाश, विद्युत, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें। विद्यालयों के शौचालय की समुचित मरम्मत करते हुए काम पूरा करें। डॉ. सिडाना ने प्राथमिक शाला दलकाखैरी का निरीक्षण करते हुए नए भवन के प्रस्ताव की कार्यवाही के निर्देश दिए।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा, नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी, 9425843297